संख्या-5/2015/1858/49-1-14-59(मिस)/14

प्रेषक,

शैलेश कृष्ण,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निबन्धक,
सहकारिता विभाग, उ0प्र0,
लखनऊ।

सहकारिता अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक 22 जनवरी, 2015

विषय- उ0प्र0 के 25 जिला सहकारी बैंकों में श्रेणी-4 के रिक्त पदों पर भर्ती की स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कृपया अपने कार्यालय पत्रांक-2084/अधि0-9/54/स्टा0पै0 दिनांक 15 सितम्बर, 2014 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त संलग्न सूची के अनुसार उ0प्र0 के 25 जिला सहकारी बैंकों में श्रेणी-4 के 433 रिक्त पदों पर भर्ती करने हेतु कार्मिक विभाग के शासनादेश संख्या-20/1/91-का-2-2012 दिनांक 15 मार्च, 2012 जिसमें भर्तियों पर रोक लगायी गयी है, से छूट प्रदान की जाती है।

3- प्रश्नगत पदों पर भर्ती के संबंध में आवश्यक कार्यवाही संबंधित बैंक की आर्थिक स्थिति/संसाधनों के दृष्टिगत न्यूनतम आवश्यकता के आधार पर उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम 1965/उ0प्र0 सहकारी समिति नियमावली 1968 में दी गयी व्यवस्था/प्रक्रिया का अनुसरण करते हुये सुनिश्चित की जाये तथा यह भी सुनिश्चित किया जाये कि इस प्रक्रिया में राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त व्यय भार न आये।

4- कृपया तद्नुसार प्रकरण में नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये अग्रेतर कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

संलग्नक:-यथोक्त।

भवदीय,

(शैलेश कृष्ण)
प्रमुख सचिव।

2/-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-5/2015/1858(1)/49-1-14 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- सचिव/महाप्रबन्धक, संबंधित जिला सहकारी बैंक, उ0प्र0 ।

2- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-2/कार्मिक अनुभाग-2

3- सहकारिता अनुभाग-2

आज्ञा से,

(शोभ नाथ बिन्द)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

उत्तर प्रदेश के लाइसेंस प्राप्त जिला सहकारी बैंक लि0 के वर्ग-4 के रिक्त पदों की स्थिति

क्रमांक	नाम जिला सहकारी बैंक लि0	31-12-2014 को रिक्त पदों की सं0
1	2	3
1	लखीमपुर खीरी	59
2	मिर्जापुर	32
3	इटावा	18
4	झांसी	9
5	उरई/जालौन	12
6	ललितपुर	1
7	बांदा	18
8	महोबा	3
9	आगरा	23
10	मथुरा	11
11	मैनपुरी	6
12	एटा	30
13	मेरठ	12
14	बुलन्दशहर	18
15	फिरोजाबाद	3
16	गाजियाबाद	3
17	सहारनपुर	5
18	मुजफ्फर नगर	34
19	बरेली	22
20	पीलीभीत	21
21	बदायूं	24
22	शाहंजहापुर	13
23	मुरादाबाद	12
24	रामपुर	12
25	बिजनौर	32
योग		433

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।